29/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा बेहद दुखद है। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मोदी ने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। श्री मोदी ने कहा कि स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद करने में जुटा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की है और वे लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हैं। अधिकारियों ने बताया कि महाकुंभ मेले में आज सुबह भगदड़ मचने से कई लोग घायल हो गए।

**----PM Byte----**

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल आलो के कोम्बो जिरदिन में अरूणाचल युवा समन्वय के चौथे संस्करन का उद्‌घाटन करते हुए, 2024-25 'युवा वर्ष' के अंतर्गत शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए अरुणाचल प्रदेश छात्रवृत्ति, कोलकाता, गुवाहाटी और दिल्ली में युवा डेस्क, विभिन्न जिलों में वार्षिक रोजगार मेला, युथ पारलियमेंट एंड लिडर्शिप ट्रेनिंग प्रोग्राम, योग्य उम्मीदवारों को कमरशिअल पायलट लाइसेंस और मर्चेंट नेवी प्रशिक्षण के लिए फीस का 75% तक राज्य द्‌वारा वित्त पोषण आदि प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला।

युवा समन्वय ‘युवाओं के लिए सतत विकास’ विषय पर एक प्रमुख कार्यक्रम है जो राज्य के युवाओं और सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाने हेतु आयोजित किया जाता हैं।

0000000000000000000

गत मंगलवार को पिरामल फाउंडेशन के ट्राइबल हेल्थ कोलैबोरेटिव द्वारा क्षेत्रीय नर्सिंग संस्थान, ईटानगर में जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी नर्सों के लिए कलचरल कॉम्पेंटेसी पर एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य सेवा में स्वदेशी और सांस्कृतिक प्रथाओं का सम्मान करने और उन्हें एकीकृत करने के बारे में प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को पूर्वाग्रहों को प्रबंधित करने और स्वास्थ्य सेवा बातचीत में अक्सर उत्पन्न होने वाली बाधाओं को दूर करने के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पिरामल फाउंडेशन का ट्राइबल हेल्थ कोलैबोरेटिव भारत के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और विविध क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुँच और समानता को बढ़ाने के प्रयासों में अग्रणी भूमिका निभा रहा हैं।

0000000000000000000

तवांग के प्रभारी उपायुक्त सांगेय वांगमू मोसोबी की अध्यक्षता में आज दिसंबर 2024-25 के समाप्त तिमाही पर जिला स्तरीय निगरानी समिति (डीएलएमसी) की बैठक का आयोजन उपायुक्त कॉन्फ्रेंस हॉल में की गई। बैठक में डीएलएमसी की समीक्षा के साथ-साथ जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के तहत परियोजनाओं की प्रगति और

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के कार्यान्वयन का भी आकलन किया गया। इस बैठक में एसपी तवांग, ईएसी एवं अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रभारी उपायुक्त ने विभागों से आग्रह किया कि वे उन मुद्दों को उजागर करें जिनमें डीसी कार्यालय के हस्तक्षेप की आवश्यकता है तथा परियोजना के पूरा होने में किसी भी कारण से अवगत कराएं। उपायुक्त ने सभी कार्यान्वयन विभागों को गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने, परियोजना समयसीमा का पालन करने और समय पर सरकार को उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक का उद्देश्य विकासात्मक प्रगति की समीक्षा करने और जिले में योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए चुनौतियों का समाधान करना था।

0000000000000000000

राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बियुराम वाहगे ने आज अरुणाचल प्रेस क्लब, ईटानगर में मुख्यमंत्री आरोग्य अरुणाचल योजना- सीएमएएवाई के तहत कार्यरत पत्रकारों के लिए एक सामूहिक नामांकन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, पत्रकारों से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रसारित करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया है ताकि इनका लाभ जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। श्री वाहगे ने सरकार और लोगों के बीच की एक सुत्र के रूप में मीडिया की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, “पत्रकार लोगों की आवाज हैं। उनकी जिम्मेदारी रिपोर्टिंग से परे है - वे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने में भी प्रमुख भुमिका निभाते हैं जो जीवन को सुगम बनाने में सहायक होता हैं।”

स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर तीन पत्रकारों को सीएमएएवाई कार्ड भी सौंपे। सीएमएएवाई के तहत बड़े पैमाने पर नामांकन, राज्य के यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के साथ पंजीकृत एपीएसटी और नॉन-एपीएसटी दोनों पत्रकारों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। इस कदम का उद्देश्य उनके योगदान को पहचानना और उनकी भलाई सुनिश्चित करना है।

0000000000000000000

अपर सियांग जिला पुलिस, द्वारा वीकेवी स्कूल, यिंगकिओंग में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग और इससे जुड़े स्वास्थ्य खतरों के बारे में बच्चों को शिक्षित करना एवं उनमें जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर यिंगकिओंग पुलिस स्टेशन के एसआई श्री किपा रॉबिन ने नशीली दवाओं के खिलाफ जागरूकता अभियान पर एक प्रस्तुति दी और इसके खिलाफ प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए सभी हितधारकों से निरंतर प्रयास पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को नशीली दवाओं से दूर रहने के साथ ही एक्टिव और हेल्दी रहने के लिए खेल जैसी फ़िज़िकल एक्टिविटीज़ में शामिल होने की भी सलाह दी। नशीली दवाओं के खतरे पर जागरूकता बढ़ाने के लिए राजधानी पुलिस द्वारा बनाई गई नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ **'रोशनी'** नामक एक शॉर्ट फिल्म और नशीली दवाओं पर फिल्मों की छोटी ऑडियो-विजुअल क्लिपिंग भी दिखाई गईं।

0000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के छह जिलों कामले, लोअर सुबनसिरी, वेस्ट सियांग, सियांग, दिबांग वैली और लोंगडिंग के येल्लो अलर्ट जारी किए है। इन जिलों में अगले चौबीस घंटों में गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की गई है।

0000000000000000000